सेफ्टी अगेंस्ट वॉइलेशन एंड एक्सप्लोइटेशन ऑफ चल्ड्रिन (सेव) का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

28 नवंबर, 2022 को राजस्थान के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने अपने विभाग व यूनिसेफ राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में राज्य के अलवर ज़िले से पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर नवाचार ‘सेफ्टी अगेंस्ट वॉइलेशन एंड एक्सप्लोइटेशन ऑफ चल्ड्रिन (सेव)’ का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि ‘सेव’ नवाचार का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराना है जिसमें मुख्य रूप से शिक्षा, सुरक्षा व स्वास्थ्य सेवाएँ शामिल हैं।
- उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि यह अभियान अलवर में सफल होगा। उसके उपरांत इसे राज्य में लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देशभर में अलवर ज़िला दिव्यांगजनों को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के द्वारा सरकारी योजनाओं के लाभ दिलाकर उन्हें संबल प्रदान करने में अव्वल रहा है। अलवर ज़िला प्रशासन व ज़िले के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग कार्यालय द्वारा ‘नवाचार सक्षम अलवर’अभियान के माध्यम से दिव्यांगजनों को सुगमता से योजनाओं का लाभ दिया गया।
- संवाद में अध्ययन प्रमाण-पत्र प्रतिवर्ष जमा कराने में आने वाली परेशानियों के बारे में पालनहारों के द्वारा अवगत कराने पर मंत्री ने कहा कि इस संबंध में एक पोर्टल विकसित कराया जाएगा जिसमें एक बार पंजीयन करने के पश्चात् बार-बार अध्ययन प्रमाण-पत्र जमा करने से निजात मिल सकेगी। इस पोर्टल पर संबंधित शैक्षणिक संस्था ऑनलाइन ऑटो अपडेट कर सकेंगे। यह व्यवस्था यथाशीघ्र राज्य में लागू कराई जाएगी।
- यूनिसेफ राजस्थान की स्टेट हेड इजाबेल ने अपने संबोधन में कहा कि पालनहार योजना राज्य में बच्चों के सपने साकार करने में मददगार साबित हो रही है। इस योजना से जरूरतमंद बच्चों को संरक्षण एवं मदद मिलने के साथ शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं।
- उन्होंने कहा कि यूनिसेफ के द्वारा राजस्थान में राज्य सरकार के साथ मिलकर बाल कल्याण हेतु कार्य किया जा रहा है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग व यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में अलवर में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किये गए अभियान ‘सेव’ का क्रियान्वयन ज़िला प्रशासन एवं यहाँ के नागरिकों के सहयोग से किया जाएगा।
- अलवर ज़िला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर ने कहा कि ज़िले में ज़िला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा सुव्यवस्थित रूप से सक्षम अलवर अभियान संचालित कर दिव्यांग कल्याण के क्षेत्र में पूरे देश के लिये एक नजीर पेश की गई है।
- अलवर ज़िला कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने कहा कि ज़िले में 21 हज़ार पालनहार पेंशन व 29 हज़ार दिव्यांगजन पेंशन से जुड़े हैं।
- कार्यक्रम स्थल पर 27 दिव्यांगजनों ने बैनर के माध्यम से राज्य सरकार की 27 फ्लैगशिप योजनाओं के बारे में आमजन को जागरूक किया। दिव्यांगजनों की इस पहल की मंत्री जूली ने तारीफ कर कहा कि दिव्यांगजनों की इस टीम के इस कदम से आमजन को भी राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी मिल सकेगी जिससे जरूरतमंद व्यक्ति लाभ उठा सकेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/safety-against-violation-and-exploitation-of-children